दिनांक : 05.07.2025 **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रधानमंत्री–अर्जेंटीना यात्रा

त्रिनिदाद और टोबैगो की अपनी सफल यात्रा के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पहुंचे। यह यात्रा पांच देशों की उनकी यात्रा के तीसरे चरण में है, जिसका उद्देश्य ग्लोबल साउथ के साथ भारत के जुड़ाव को मजबूत करना है। पांच देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी–20 समूह के भीतर एक करीबी सहयोगी बताया।

अमित शाह – गुजरात

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर गुजरात के आणंद में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। कार्यक्रम के दौरान श्री शाह ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सहकारिता मंत्रालय ने 60 नए उपाय शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों गरीब और ग्रामीण लोगों के जीवन में आशा का संचार करने के लिए सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई थी।

सहकारी युवा संवाद

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आज भोपाल के समन्वय भवन में सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव युवाओं से संवाद कर रहे हैं। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग भी कार्यक्रम मौजूद रहे। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा सहकारिता की अवधारणा एवं विकास, सहकारिताओं के प्रकार, सहकारिता की वैधानिक पृष्ठभूमि, सहकारी सेक्टर में स्वरोजगार की संभावनाएं और "सहकार से समृद्धि" योजना का विवरण एवं प्रगति के बारे में जानकारी दी जायेगी।

समरसता कार्यक्रम

ग्वालियर में आज 'समरसता कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर के जौरासी गांव में बनने वाले अंबेडकर धाम का भूमि–पूजन करेंगे। यह स्थल सामाजिक समरसता, न्याय और समानता के प्रतीक डॉ. अंबेडकर के विचारों का जीवंत केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित करेंगे। वहीं सामाजिक समरसता की शपथ दिलाने के साथ ही सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों को सम्मानित भी करेंगे।

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ के हालात दिखाई देने लगे हैं। मौसम विभाग ने मंडला, सिवनी और बालाघाट में अत्यधिक भारी बारिश होने के चलते बाढ़ की चेतावनी भी दी है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पूर्वी मध्य प्रदेश में हवा के ऊपरी स्तर पर एक और चक्रवात सक्रिय है। एक मानसूनी द्रोणिका मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्से से होकर गुजर रही है, जो बंगाल की खाड़ी से लेकर राजस्थान तक फैली हुई है। जिसके कारण विशेष रूप से पूर्वी मध्य प्रदेश में तेज बारिश हो रही है, यह स्थिति अभी ओर कुछ दिन बनी रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जबलपुर, शहडोल, रीवा, और ग्वालियर संभागों के जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मछुआ दिवस के अवसर पर 10 जुलाई को उज्जैन के कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा।

- छिंदवाड़ा जिले में भाजपा द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 6 जुलाई को जिले भर में बूथ स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा।

- राज्य शासन द्वारा मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टंडन को अपने पद के साथ आगामी आदेश तक मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष के रूप में प्राधिकृत किया गया है।

- सीहोर, जिला मुख्यालय के समीप स्थित कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं।

नमस्कार